# गांधी भवन पथराव कांड : वीडियो खंगाल रही पुलिस, उपद्रवी होंगे चिह्नित

- घटनाक्रम के बाद सुरक्षा इंतजामों की हो रही समीक्षा
- अफसर व मीडियाकर्मी के अलावा अन्य हुए थे घायल

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** गांधी भवन के बाहर भाजपा युवा मोर्चा और कांग्रेस समर्थकों के बीच हुई पत्थरबाजी के बाद पुलिस ने अब कार्रवाई तेज कर दी है. घटनाक्रम के वायरल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं. पुलिस का कहना है कि उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट को लेकर बने राजनीतिक विवाद की पृष्ठभूमि में हुए इस टकराव ने शहर की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं. घटना के दौरान टमाटर, पानी की बोतलें और पत्थर फेंके गए. शुरुआती दौर में स्थिति अचानक बिगड़ने से पुलिस को बल बढ़ाना पड़ा. पथराव में जोन 4 के एसीपी दीशेष अग्रवाल के सिर में चोट आई और वे असंतुलित होकर गिर पड़े. सब-इंस्पेक्टर आरएस बघेल भी घायल हुए. कुछ मीडियाकर्मी भी पत्थरों की चपेट में आए.

मौके पर अमित सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है. सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और उपलब्ध फुटेज के आधार पर उपद्रवियों को चिह्नित किया जा रहा है. चिन्हित आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, बलवा और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किए जा सकते हैं. घटना के बाद शहर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है, ताकि किसी प्रकार की पुनरावृत्ति न हो. पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अफवाहों से बचें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें.



**गांधी भवन पहले भी बन चुका है टकराव का केंद्र**

गांधी भवन पूर्व में भी राजनीतिक टकराव का स्थल रहा है. ऐसे में अब पुलिस महकमे में सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की जा रही है. सूत्रों के अनुसार, भविष्य में बड़े राजनीतिक आयोजनों के दौरान अतिरिक्त बल, बैरिकेडिंग और ड्रोन निगरानी जैसे विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है.

# 10वीं की छात्रा ने घर में फांसी लगाई

**इंदौर. चंदन नगर थाना क्षेत्र के रामानंद नगर में 10वीं कक्षा की 16 वर्षीय छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना रविवार की बताई जा रही है. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया.**

चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि 16 वर्षीय पलक पिता विजय श्रीवास्तव निवासी रामानंद नगर ने अपने घर पर फांसी लगा ली. परिजनों को घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल की मर्चुरी में सुरक्षित रखवाया है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के बाद ही मौत का स्पष्ट कारण सामने आ सकेगा. मृतिका की मां सत्यवती श्रीवास्तव रामचंद्र नगर स्थित गीतांजलि अस्पताल में वार्ड बाई के रूप में कार्यरत हैं, जबकि पिता विजय श्रीवास्तव वेल्डिंग का काम करते हैं. प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों ने किसी प्रकार का कारण स्पष्ट नहीं बताया है. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

# सड़क हादसे में 7 दिन 1.50 लाख तक का कैशलेस उपचार

- जिले में सड़क दुर्घटना में घायलों के लिए पीएम राहत योजना लागू

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले व्यक्तियों को तुरंत और सुनिश्चित इलाज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में 20 फरवरी 2026 से प्रधानमंत्री राहत योजना (सड़क दुर्घटना पीड़ित अस्पताल में भर्ती एवं सुनिश्चित उपचार) लागू कर दी गई है. योजना के तहत दुर्घटना की तिथि से सात दिनों के भीतर पीड़ित को अधिकतम 1.50 लाख रुपए तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाएगा.**

सीएमएचओ डॉक्टर माधव हसानी ने बताया कि योजना का उद्देश्य 'गोल्डन ऑवर' के दौरान समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराकर गंभीर घायलों की जान बचाना है. इसके तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती होने के बाद निर्धारित सीमा तक नि:शुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी. जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत संबद्ध सभी अस्पतालों को इस योजना में नामित अस्पताल के रूप में शामिल किया है.

**योजना में अन्य अस्पतालों को भी जोड़ा जाएगा**

इसके अलावा अन्य अस्पतालों को भी योजना से जोड़ने की प्रक्रिया जारी है, ताकि अधिक से अधिक संस्थानों में दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल उपचार मिल सके. योजना के प्रावधानों के अनुसार गैर-नामित (नॉन-डिजिग्नेटेड) अस्पतालों में भी दुर्घटना पीड़ित का प्रारंभिक उपचार एवं स्थिरीकरण (स्टेबलाइजेशन) अनिवार्य रूप से किया जाएगा, जिससे मरीज की स्थिति नियंत्रित कर उसे आवश्यकतानुसार नामित अस्पताल में रेफर किया जा सके. स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि दुर्घटना की स्थिति में पीड़ित को तुरंत निकटतम अस्पताल पहुंचाकर योजना का लाभ दिलाने में सहयोग करें.

# चाकू के साथ दो गिरफ्तार

**इंदौर.** अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लसूड़िया और राजेंद्र नगर पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है. दोनों मामलों में आरोपियों के कब्जे से धारदार हथियार जब्त किए हैं. लसूड़िया थाना क्षेत्र में एसडी कम्पाउंड, बजरंग नगर रोड पर कार्रवाई करते हुए 24 वर्षीय आकाश को चाकू के साथ पकड़ा. वहीं राजेंद्र नगर पुलिस ने सनशेसन होटल के पास खाली मैदान में दबिश देकर 19 वर्षीय आयुष उर्फ केशव को धारदार छुरा के साथ गिरफ्तार किया. दोनों मामलों में पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है.

# पिकनिक मनाने गया बीए का छात्र मुहाड़ी फॉल में डूबा

- दूसरे दिन सुबह निकाला जा सका शव
- मूल रूप से मुरैना का निवासी था छात्र

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. खुड़ैल क्षेत्र में दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए 20 वर्षीय छात्र की कुंड में डूबने से मौत हो गई. घटना देर शाम की होने के कारण रात में रेस्क्यू संभव नहीं हो पाया. सोमवार सुबह ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.**



खुड़ैल थाना पुलिस के अनुसार 20 वर्षीय सूरज पिता अशोक कुशवाह अपने मित्रों के साथ मुहाड़ी फॉल घूमने गया था. नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूब गया. साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, पर अंधेरा होने के कारण रात में सर्च अभियान नहीं चलाया जा सका. सुबह स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से कुंड में तलाश की गई और शव को बाहर निकाला गया. पंचनामा कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा. पुलिस के मुताबिक सूरज मूल रूप से मुरैना का निवासी था और इंदौर में किराए के मकान में रहकर बीए सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहा था. परिजनों ने बताया कि उसके पिता मजदूरी करते हैं. परिवार में पहले ही सबसे छोटे भाई की मृत्यु हो चुकी है, ऐसे में सूरज की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

## एक नजर में

### रामादल ने राष्ट्रीय संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती मनाई



**महू.** राम सामाजिक सांस्कृतिक एवं धर्म जागरण समिति रामादल के संस्थापक हिंदू हृदय सम्राट लोकेश शर्मा द्वारा स्वच्छता के जनक संत शिरोमणि गाडगे महाराज की 150वीं जयंती मनाई. सर्वप्रथम हरिद्वार (हरि फाटक) चौराहे गाडगे बाबा स्मारक पर पहुंचकर माल्यार्पण कर बाबा को नमन किया. जानकारी संस्था के अधिवक्ता अंकित विक्की परदेशी ने बताया कि इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत गाडगे महाराज मानवता के सच्चे हितेशी और राष्ट्रीय समरसता के प्रतीक थे. उन्होंने अपने जीवन में शिक्षा, स्वच्छता एवं समानता की राह संपूर्ण हिंदू समाज को दिखाई. संत किसी समाज विशेष से नहीं होते, संत तो संपूर्ण हिंदू समाज के हुए हैं. इसी दौरान शहर के प्रमुख मंदिरों गोपाल मंदिर, आनंद बिहारी मंदिर, सांघी स्ट्रीट मुरली मनोहर मंदिर मोती चौक, श्री हरिकेश्वर महादेव मंदिर, चक्की वाले महादेव मंदिर, हनुमान बाग सातरस्ता चौराहा, लुनियापूरा श्रीराम मंदिर आदि में सर्व हिंदू समाज द्वारा संत श्री गाडगे महाराज के चित्र पर तिलक वंदन माल्यार्पण कर आरती की गई. कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी राजीव खंडेलवाल, विनोद गर्ग, मनीष जैन, ओम सैनी, संजय जायसवाल, सुनील परदेशी, टोनी शर्मा, सन्नी बिलारवान, राजू पाटिल, दीपेश शर्मा, अतुल बबला बॉथम, रामबाबू शर्मा, अंकित विक्की परदेशी एवं अनेक स्थानों पर अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### संजय चौरसिया अध्यक्ष नियुक्त



**महू.** मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार और जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े व मप्र सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष चंचलेश व्यास की सहमति से इंदौर जिला ग्रामीण सोशल मीडिया कांग्रेस में राऊ विधानसभा अध्यक्ष पद पर संजय चौरसिया को नियुक्त किया गया. इससे शहर के सभी कांग्रेस सिपाहियों में हर्ष की लहर है. उक्त जानकारी देते हुए रोहित कछावा, सचिन कछावा, प्रकाश माली के साथ सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रमुख जीतू पटवारी का आभार व्यक्त किया है.

### कैंट बोर्ड ऑफिस के बाहर गाय का शव रखकर प्रदर्शन



**महू.** महू कैंटोनमेंट बोर्ड कार्यालय के बाहर सोमवार को गौरक्षक एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मृत गौ माता के शव को रखकर धरना-प्रदर्शन किया. कार्यकर्ताओं ने बोर्ड प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की. बाद में अधिकारियों की समझाइश के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ. इसके बाद कैंट बोर्ड के अधिकारियों ने मुक्तिधाम महू परिसर में गौ माता के शव को विधिवत तरीके से दफनाया. प्रदर्शनकारियों ने बताया कि चना गोदाम क्षेत्र में एक गौ माता की मृत्यु हो गई थी. इसकी सूचना तत्काल कैंटोनमेंट बोर्ड को देकर जेसीबी मशीन उपलब्ध कराने की मांग की गई थी, ताकि मृत गौ माता को विधिवत दफनाया जा सके, लेकिन बोर्ड द्वारा जेसीबी उपलब्ध नहीं कराई गई. बाद में जब कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे तो गौ माता का शव वहां से गायब मिला. जानकारी लेने पर पता चला कि शव को कैंटोनमेंट बोर्ड के स्लॉटर हाउस के पास काटा जा रहा है, जिससे कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया. प्रदर्शनकारियों ने शहर में घूम रही आवारा गायों पर नियंत्रण नहीं होने पर भी नाराजगी जताई और कहा कि ऐसे पशुओं के मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाना चाहिए. इस पर कैंटोनमेंट बोर्ड अधिकारी सतीश अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि भविष्य में इस प्रकार की घटना नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा. इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया.

# पुलिस की मासिक रैंकिंग में विजयनगर थाना अव्वल

- कोतवाली सबसे पीछे, सुधार के लिए प्रशिक्षण की तैयारी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में पुलिस कमिश्नरेट द्वारा शुरू की गई थानों की मासिक मूल्यांकन प्रणाली के जनवरी माह के परिणाम घोषित कर दिए हैं. निर्धारित मानकों पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ज़ोन-02 का थाना विजयनगर प्रथम स्थान पर रहा, जबकि ज़ोन-03 का थाना सेंट्रल कोतवाली अंतिम पायदान पर रहा.

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि रैंकिंग प्रणाली का उद्देश्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम से बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करना है. उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन की संतुष्टि, तुरंत कार्रवाई और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी. उत्कृष्ट कार्य करने वाले थानों को प्रोत्साहन मिलेगा, जबकि कमजोर प्रदर्शन करने वाले थानों को सुधार का अवसर देते हुए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा. जनवरी माह में संबंधित ज़ोन की डीसीपी की अध्यक्षता में गठित समिति ने अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों के निराकरण, जनसंतुष्टि, शिकायत निवारण, नवाचार और कानून-व्यवस्था बनाए रखने जैसे विभिन्न बिंदुओं पर थानों के प्रदर्शन की समीक्षा की. समग्र मूल्यांकन के बाद विजयनगर थाना बेहतर समन्वय, तुरंत कार्रवाई और प्रभावी अपराध नियंत्रण के चलते प्रथम स्थान पर रहा. वहीं निर्धारित मानकों पर अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के कारण सेंट्रल कोतवाली को अंतिम स्थान मिला.

**उत्कृष्ट कार्य पर थाना स्टॉफ होगा पुरस्कृत**

कमिश्नरेट स्तर पर स्पष्ट किया है कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले थाना प्रभारी और स्टाफ को प्रोत्साहन दिया जाएगा, जबकि कमजोर प्रदर्शन वाले थाने के प्रभारी एवं स्टाफ को कार्यप्रणाली में सुधार के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा. यदि प्रशिक्षण के बाद भी अपेक्षित सुधार नहीं हुआ तो विभागीय स्तर पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. अधिकारियों का कहना है कि पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में लागू इस प्रणाली का उद्देश्य थानों के कार्य निष्पादन को पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुखी बनाना है. इसके तहत सभी 32 थानों के कार्यों का आकलन तय मापदंडों के आधार पर मासिक समीक्षा के माध्यम से किया जाता है. इस पहल से थानों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और आमजन को बेहतर, संवेदनशील एवं जवाबदेह पुलिस सेवा मिल सकेगी.

# शोरूम से नई एसयूवी ले उड़े नकाबपोश चोर

- सीसीटीवी फुटेज में हो गए कैद

**इंदौर.** देपालपुर इलाके में एक कार शोरूम पर नकाबपोश चोरों ने धावा बोला. मेन गेट के टफन ग्लास को तोड़कर घुसे बदमाशों ने करीब एक घंटे में वारदात को अंजाम दिया और नई एसयूवी चुरा ले गए. ये वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

देपालपुर थाना प्रभारी रंजीत सिंह ने बताया कि वारदात इंदौर रोड स्थित भगवती प्रेस्टीज महेंद्रा शोरूम पर रात करीब 2 बजे की है. आरोपियों की संख्या पांच बताई जा रही है. बदमाशों के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बताया गया कि आरोपी शोरूम के बाहर पहुंचे. पहले शोरूम का ताला तोड़ा और अंदर घुस गए. वे अपने साथ डीजल भी लेकर आए थे. फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि पहले एक बदमाश अंदर घुसा, फिर उसके दो साथी पहुंचे, जबकि दो बदमाश बाहर खड़े होकर निगरानी करते नजर आ रहे हैं. शोरूम में घुसकर आरोपियों ने नई एसयूवी में डीजल डाला और फिर मुख्य गेट के टफन ग्लास को तोड़कर गाड़ी को शोरूम से बाहर निकाल लिया. वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी गाड़ी सहित इंदौर की ओर भाग निकले थे. घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 टीम पहुंची. पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी भी की, मगर आरोपियों का अभी पता नहीं चल पाया है. पुलिस अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है.

# शादी का झांसा देकर एमबीए छात्रा से करता रहा दुष्कर्म

- कोचिंग में साथ पढ़ने वाली सहेली का चचेरा भाई है आरोपी

**इंदौर. भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एमबीए की पढ़ाई कर रही छात्रा के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और बाद में मुकर जाने का मामला सामने आया है. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने राजस्थान निवासी आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व एससी/एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि आरोपी की पहचान बाबूलाल पुत्र सुखलाल गुर्जर, निवासी उदयपुर (राजस्थान) के रूप में हुई है. पीड़िता का कहना है कि वर्ष 2021 में वह एक निजी कोचिंग संस्थान में अध्ययन कर रही थी. उसी दौरान उसकी सहेली का चचेरा भाई बाबूलाल अपनी बहन को कोचिंग छोड़ने आता-जाता था. इसी दौरान दोनों के बीच पहचान हुई और बाद में इंस्टाग्राम व वॉट्सऐप के माध्यम से बातचीत शुरू हो गई.

**पहली बार परिचित के घर, फिर अलग-अलग होटलों में बनाए संबंध**

शिकायत में छात्रा ने आरोप लगाया कि आरोपी ने प्रेम संबंध का विश्वास दिलाकर जनवरी 2022 में व्यासनगर स्थित एक परिचित के घर ले जाकर शादी का वादा करते हुए उसके साथ पहली बार शारीरिक संबंध बनाए. इसके बाद वह लगातार विवाह का आश्वासन देता रहा और शहर के अलग-अलग होटलों में ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा. पीड़िता ने पुलिस को यह भी बताया कि जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी अपने वादे से पीछे हट गया. खुद को ठगा हुआ महसूस करने पर वह थाने पहुंची और पूरे घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराई. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

# सिटी बस ने ट्रैवलर को मारी टक्कर, बड़ा हादसा टला


**इंदौर. सोमवार सुबह विजय नगर से रेडिसन चौराहे की ओर जाने वाले व्यस्त मार्ग पर एक सिटी बस ने आगे चल रहे ट्रैवलर वाहन को पीछे से टक्कर मार दी. हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं.**



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस ने ट्रैवलर को पीछे से जोरदार टक्कर मारी, जिससे ट्रैवलर अनियंत्रित होकर आगे खड़े वाहनों से जा भिड़ी. टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई. सूत्रों के अनुसार, बस के ब्रेक फेल होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात सुचारू कराया. घायलों को प्राथमिक उपचार दिया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है.

**एक नजर में** ▶ एलिवेटेड कॉरिडोर के काम में कोर्ट सुनवाई और तकनीकी बदलावों के कारण देरी संभव

# बीआरटीएस पर चौड़ीकरण और डिवाइडर निर्माण में हो सकती है देरी



**इंदौर.** शहर में बीआरटीएस की रेलिंग हटने के बाद अब यातायात सुधार और सडक़ सौंदर्यीकरण के कार्य चरणबद्ध तरीके से शुरू होने की तैयारी है. एलआईजी से नवलखा तक लगभग साढ़े सात किलोमीटर लंबे प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर का काम 15 फरवरी से शुरू किया जाना था, लेकिन हाई कोर्ट में चल रही सुनवाई और तकनीकी बदलावों के कारण इसमें देरी संभव है.

रेलिंग हटने के बाद दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम द्वारा नए सेंटर डिवाइडर बनाए जाएंगे. इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और फरवरी अंत या मार्च की शुरुआत में काम तेज होने की संभावना है. शहर में प्रस्तावित अन्य पांच फ्लाईओवर जैसे शिवाजी वाटिका से जीपीओ और पलासिया से गीता भवन पर भी बीआरटीएस पूरी तरह हटने के बाद गति आएगी. प्रशासन का लक्ष्य है कि नई सडक़ व्यवस्था चौड़ीकरण और डिवाइडर निर्माण का कार्य छह माह में पूरा कर लिया जाए. हालांकि, 25 फरवरी को होने अगली सुनवाई और ठेकेदार से जुड़े मुद्दों के कारण समयसीमा में थोड़ा बदलाव हो सकता है.

**यह बोले नागरिक...**



एलिवेटेड कॉरिडोर बनने से शहर में यातायात की रफ्तार बढ़ेगी और लोगों को सफर में कम समय लगेगा. जन सुविधाओं को देखते हुए ऐसे निर्माण शहर के लिए बहुत जरूरी हैं.

\- बबलू झरने



सात किलोमीटर इस लंबे मार्ग के बीच में जितने भी सिग्नल पढ़ते थे, अब वहां लगने वाले लंबे जाम से राहत मिलेगी, जिससे रोजाना आने-जाने वालों को बड़ी सुविधा होगी.

\- कपिल लंभाते



बढ़ते शहर में वाहनों की संख्या और भविष्य को देखते हुए नई सडक़ व्यवस्था से इंदौर की तस्वीर बदलेगी. शहर और भी आधुनिक और व्यवस्थित नजर आएगा. यहां बेहतर पहल है.

\-मोहम्मद इमरान